# यूपीईएस में दो दिवसीय वर्कशॉप आज से शुरू

dehradun@inext.co.in

यूपीईएस यूनिवर्सिटी में 17 व 19 अक्टूबर तक दो दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन होगा. जिसमें 17 प्रमुख अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के करीब 25-30 प्रतिनिधि प्रतिभाग करेंगे, जो हायर एजुकेशन के अंतरराष्ट्रीयकरण के लिए विशेष रूप से तैयार शिक्षण रिट्रीट में भाग लेंगे. वर्कशॉप में भाग लेने वाले संस्थानों में किंग्स कॉलेज लंदन, द ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी ऑफ सिडनी, यूनिवर्सिटी ऑफ यॉर्क, यूनिवर्सिटी ऑफ एक्सेटर, यूनिवर्सिटी ऑफ लीड्स, फोर्डहम यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन, एडिथ कोवान यूनिवर्सिटी, लेकहेड यूनिवर्सिटी, ओंटारियो टेक यूनिवर्सिटी, शेफील्ड हॉलम यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी ऑफ लिंकन, यूनिवर्सिटी ऑफ पोर्ट्समाउथ, यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया और यॉर्क यूनिवर्सिटी शामिल हैं. यूपीईएस के वाइस चांसलर डॉ. राम शर्मा ने कहा कि वर्कशाप अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने व दुनिया के संस्थानों के साथ पुल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है.